हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## यह तो हद है...अरबों खर्च के बाद भी शहर का नाला बन गई खारुन नदी

जलकुंभी और भारी मात्रा में डिस्पोजल तथा प्लास्टिक पन्नियों की भरमार, सीवर का बदबूदार पानी भी



स्थिति जस के तस



# 261 करोड़ के एसटीपी से हटा नहीं पाए खारुन की गंदगी, वॉल्व और चैंबर बनाने फिर मांगे 11 करोड़

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा अमृत मिशन में 261 करोड़ रुपए खर्च कर खारुन नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए लगाए गए 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी खारुन को मैला होने से रोक नहीं पा रहे, अब वाल्व और चैंबर बनाने एक बार फिर 11 करोड़ फूंकने की तैयारी है। प्रशासनिक उदासीनता का इससे बड़ा नमूना और क्या होगा कि इतनी बड़ी योजना में बिना बुनियादी व्यवस्था के प्लानिंग पास भी हो गई। हालत ये है कि चिंगरी नाले के सीवरेज का बदबूदार पानी ओवरफ्लो होकर प्लास्टिक झिल्ली व भारी मात्रा में ▶▶| शेष पेज 13 पर

### भेजा है रिवाइज प्रपोजल

चिंगरी नाले का गंदा पानी खारुन नदी में जाने से रोकने पीहर के पास नाले की लाइनिंग कर स्क्रीन लगाई जाएगी। नाले के पास दीवार की ऊंचाई बढ़ाकर ओवरफ्लो होने की स्थिति में चैंबर बनाकर तथा वाल्व लगाकर गंदगी को चैंबर बाहर रोकेंगे, सिर्फ पानी ही नदी में जाने दिया जाएगा। इसके लिए 11 करोड़ रुपए का रिवाइज ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 47 दिन में भी नहीं बदली स्थिति

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने 4 जनवरी को आयुक्त विश्वदीप और निगम अधिकारियों के साथ चिंगरी नाला और चंदनीडीह एसटीप का निरीक्षण किया, नदी में गंदा पानी मिलते देख उन्होंने नाराजगी जताई और 5 दिन में व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। पर 47 दिन बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थल वाल्व और चैंबर लगना तो दूर, जलकुंभी से पटी खारुन नदी की सफाई तक ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### 21 किलो गांजा बरामद दो तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो इंटरस्टेट गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र यवतमाल निवासी गणेश भाऊ राव जाधव तथा महाराष्ट्र रायगढ़ निवासी नरेश नाथनी मुदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को धमतरी रोड-धनेली ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है।

### प्रतिबंधित टेबलेट जब्त तीन आरोपी पकड़े गए



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार वारंटी सहित तीन युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 556 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। प्रतिबंधित टेबलेट के साथ पुलिस ने खमतराई निवासी अविनाश कुमार, कबीर नगर निवासी राहुल कुमार शाह तथा टाटीबंध निवासी रोशन यादव को गिरफ्तार किया है। अविनाश फरार वारंटी है। प्रतिबंधित टेबलेट मंगाने का मास्टर माइंड अविनाश है। मास्टर माइंड दूसरे राज्यों से प्रतिबंधित टेबलेट मंगाकर खपाता था।

### विशाल मेगा मार्ट में लगे एसी का केबल चोरी

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में विशाल मेगा मार्ट प्रबंधन ने अज्ञात चोर के खिलाफ मार्ट में लगे एसी केबल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वप्निल डोंगरे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। स्वप्निल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात मार्ट में लगे एसी का केबल चोरी कर ले गया। चोरी केबल की कीमत आठ हजार रुपए आंकी गई है।

### बैरिकेड्स हटाने के विवाद पर युवक से की मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने तीन अन्य के खिलाफ बैरिकेड्स हटाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अन्ना चौक, नया तालाब निवासी भुनेश्वर यादव ने राजू, विनोद तथा नीरज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि लोको कॉलोनी, कालीमाता मंदिर के पास लगे बैरिकेड्स हटाने के विवाद पर तीनों ने उसके साथ मारपीट की।

### चोरी के पांच मामलों में धरे गए तीन नाबालिग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर और आसपास के जिलों में चोरी की पांच वारदातों में संलिप्त तीन बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन बालकों ने दो सूने मकानों और तीन दोपहिया वाहनों की चोरी की थी। इनसे कुल मूल्य लगभग 2,50,000 रुपए के चांदी के जेवरात और नकद रकम जब्त की गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पीएम के खिलाफ 'हल्ला बोल'

# कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे के प्रदेश कार्यालयों के सामने किया विरोध-प्रदर्शन, कई बार टकराव







*रायपुर में आज भाजयुमो और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के प्रदेश कार्यालयों का घेराव किया। कांग्रेस भवन के सामने टकराव की नौबत आई। बेरीकेट्स फांदकर कांग्रेस भवन की ओर बढ़ रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं और कांग्रेसियों के बीच झूमाझटकी हो गई। वहीं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यालयों का घेराव किया।*

**खास बातें**

- भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ लगाए नारे
- कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पीएम के खिलाफ 'हल्ला बोल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का घेराव किया। उन्होंने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस का नग्न प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के खत्म होते वजूद का उदाहरण है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को कम करने का प्रयास किया है। भाजयुमो कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांग्रेस भवन कूंच कर गए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता गेट तक पहुंच गए। पुलिस को उन्हें रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

वहां कांग्रेसियों ने उनका जोरदार विरोध किया। कांग्रेसी उन्हें रोकने के लिए सड़क पर कुर्सी डालकर बैठ गए। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के सामने सड़क में बैठ कर प्रदर्शन किया। इस दौरान राजीव भवन घेरने आ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प भी हुई। पीएम का पुतला दहन भी किया गया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, दीपक मिश्रा, महेन्द्र छाबड़ा, सुबोध हरितवाल, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, युकां अध्यक्ष आकाश शर्मा, रायपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, शांतनु झा, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे। राजधानी रायपुर में युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एकात्म परिसर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### आकाश ने घेरा एकात्म परिसर

*छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के खिलाफ युवाओं का 'हल्ला बोल' जैसे नारों के साथ भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर का घेराव करने पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने भारी बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। पुलिस बल और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस दौरान धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति भी देखने को मिली।*

### खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

## चावल उत्सव के दूसरे दिन बंद मिली शासकीय उचित मूल्य की दुकान, सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एक ओर जहां उचित मूल्य की दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कार्ड धारकों को एक साथ दो महीने का चावल वितरण करने के लिए राज्य सरकार ने चावल उत्सव कार्यक्रम के तहत आदेश जारी किया है, वहीं दूसरी ओर राजधानी रायपुर में इस आदेश का उल्लंघन करते हुए कुछेक दुकानदार अपनी दुकान तक नहीं खोल रहे हैं। इसके कारण इन दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों को मजबूरी में दूसरी राशन दुकानों में जाकर राशन लेना पड़ रहा है। ऐसी ही एक राशन दुकान को कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग ने निलंबित किया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र में भी लटका मिला ताला

कलेक्टर के औचक निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र और एक आंगनबाड़ी केंद्र में भी ताला लटका मिला। उप स्वास्थ्य केंद्र सरोना का है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी को इस मामले में उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार कलेक्टर ने बाजार चौक सरोना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

## मंदिर की दानपेटी चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खमतराई थाना क्षेत्र के गोंदवारा स्थित बिंदेश्वर महादेव मंदिर में देर रात एक चोर मंदिर की दान पेटी चोरी कर ले गया। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात की है।

घटना दिनांक को एक युवक मंदिर के मुख्य दरवाजे तक पहुंचा। उसने पहले आसपास की गतिविधियों का जायजा लिया, फिर सरिया से गेट का ताला तोड़ा। ताला टूटते ही चोर ने मंदिर के अंदर प्रवेश किया और सीधे उस स्थान पर पहुंचा, जहां दानपेटी रखी थी। फूटेज में साफ दिख रहा है कि चोर ने कुछ ही मिनटों में दानपेटी उठाई और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सुबह जब पुजारी मंदिर



पहुंचा तो गेट का टूटा ताला और गायब दानपेटी देख पुजारी को मंदिर में चोरी होने की आशंका हुई। इसके बाद पुजारी ने पुलिस को मंदिर में चोरी होने की सूचना दी। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस चोर की पहचान करने में जुटी हुई है।

## युवक से मारपीट मामले में धरे गए तीन आरोपी



**रायपुर।** मौदहापारा थाने की पुलिस ने युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- मौदहापारा थाना क्षेत्र की घटना

रजबंधा तालाब निवासी मोहम्मद वसीम की शिकायत पर पुलिस ने सलीम, फरहान एवं रेहान को गिरफ्तार किया है। वसीम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने भाई को समझाने सलीम के घर गया था। इस दौरान सलीम तथा उसके साथियों ने वसीम के साथ विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। धटना शुक्रवार देर शाम साढ़े सात बजे की है।

## शालीमार एक्सप्रेस में अब एक अतिरिक्त एसी-3 कोच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से दी गई। यह सुविधा 21 से 27 फरवरी 2026 तक शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

### 25 को गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के व्यास नगर-काशी सेक्शन के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य किया जाएगा जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 25 फरवरी 2026 को गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया चुनार-प्रयागराज-फाफा मऊ- जंघई-जौनपुर होकर बरौनी जाएगी। 25 फरवरी 2026 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या धाम-गोरखपुर होकर नौतनवा जाएगी।

### 23-24 को मध्य और दक्षिण में बूंदाबांदी का कयास

## शहर में बदलाव नहीं, जगदलपुर का पारा उछलकर 35 के समीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में शहर के मौसम में बदलाव तो नहीं हुआ, मगर जगदलपुर का अधिकतम तापमान बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। नमीयुक्त हवा के आने की वजह से अभी रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम तंत्रिका के सक्रिय होने की वजह से सोम और मंगलवार को मध्य तथा दक्षिणी हिस्से में हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

दिन के तापमान के गर्मी के प्रभाव में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है। अभी पारा चढ़ने का असर बस्तर, रायपुर और दुर्ग में नजर आ रहा है। पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर में धूप का प्रभाव ज्यादा रहा और वहां



का तापमान चढ़कर 34.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रायपुर के मौसम में विशेष बदलाव नहीं हुआ पारा 34 डिग्री के असपास ही सिमटकर रह गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे भारतीय भूमध्य रेखीय सागर के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### एम्स में लंबी वेटिंग और निजी अस्पताल में मोटा खर्च

**जरूरी सामान की आपूर्ति प्रक्रियाधीन, बाईपास, ओपन हार्ट दोनों ही बंद**

# सरकारी अस्पताल में हार्ट सर्जरी 'लाइलाज', आठ महीने से मरीज हो रहे निराश, ऑपरेशन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्लभ बीमारी के इलाज में कई अनोखे ऑपरेशन करने वाले आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग के लिए हार्ट की सर्जरी लाइलाज सा हो गयी है। जरूरी सामान के अभाव में पिछले आठ महीने से वहां बाईपास और ओपन हार्ट जैसी आवश्यक सर्जरी प्रभावित है। यहां से निराश लौटे मरीजों के सामने इलाज के लिए एम्स में लंबी वेटिंग अथवा निजी अस्पताल में मोटा खर्च बड़ी दिक्कत का कारण बना हुआ है। सामान की सप्लाई करने वाले वेंडर



के साथ राशि को लेकर हुए अनबन के बाद आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग में जरूरी ऑपरेशन बाधित होने लगे थे। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा सामान की व्यवस्था के लिए वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया। विवाद बढ़ता गया और मरीजों की परेशानी बढ़ती गई। कुछ समय बाद यह स्थिति बन गई कि ओपन हार्ट अथवा बाईपास सर्जरी कराने वाले जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल स्टाफ निराश होकर लौटाने लगा। धीरे-धीरे यह स्थिति बन गई कि जटिल से जटिल ऑपरेशन करने वाला यह विभाग हृदय से गुजरने वाली नसों के ऑपरेशन तक सीमित रह गया।

हृदय से संबंधित बड़ा ऑपरेशन बंद हुए आठ महीने से अधिक का वक्त गुजर गया है और अस्पताल प्रबंधन इससे संबंधित ऑपरेशन के लिए सामान उपलब्धता के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

### होली के बाद संभावना

विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू का कहना है कि दोनों तरह के ऑपरेशन होली के बाद शुरू होने की संभावना बन रहे हैं। ऑपरेशन से संबंधित सामानों की सप्लाई के लिए टेंडर की प्रक्रिया 27 फरवरी को पूरी होगी। जरूरी सामान मिलने के बाद मरीजों को भर्ती करने और आवश्यकता के मुताबिक उनका ऑपरेशन करना शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है सामानों की खरीदी के लिए तीसरी बार टेंडर की प्रक्रिया पूरी की गई है।

### लगातार बढ़ रहे केस

बदलते जीवनचर्या की वजह से हृदय से संबंधित परेशानियां लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह से हार्ट अटैक जैसे मामलों में भी काफी संख्या में इजाफा हुआ है। चिकित्सकों के मुताबिक इस तरह की आपात स्थिति से बचने लिए सालभर में एक बार हृदय से संबंधित जांच कराना चाहिए। इसके अलावा लोगों को शारीरिक मेहनत और खानपान की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। अवरोध आने के पहले इस विभाग में सप्ताह में दो से तीन ओपन हार्ट सर्जरी की प्रक्रिया चिकित्सकों द्वारा पूरी की जाती रही है।




आप दीर्घायू हो
22 फरवरी
आसिफ मेमन जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
निलेश सोनी
कृष्णा साहू

## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा का सीजीपीएससी न्यायिक परीक्षा में चयन



रायपुर। छत्तीसगढ़ पीएससी न्यायिक परीक्षा में प्रज्ञा वैष्णव ने व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (कनिष्ठ श्रेणी) में चयनित होकर न्याय जगत में अपनी जगह बनाई है। प्रज्ञा की यह उपलब्धि उनके पिता भरत वैष्णव (अधिवक्ता एवं पूर्व महामंडलेश्वर) ने अपार खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रज्ञा की सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हों, तो साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला युवा भी असाधारण उपलब्धि हासिल कर सकता है।

### वाहन की ठोकर से दो बाइक चालक घायल

मंदिर हसौद। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में स्थित मायरा रिसॉर्ट के पास टाटा एस सी जी 04 पी जी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए दो मोटर साइकिल सीजी 04 एच टी 0817, और सी जी 04 के जे 8875 को ठोकर मारा दिया और 50 फिट तक घसीटते हुए गाड़ी को ले गए जिससे दो बाइक चालक बुरी तरह से घायल हो गए जो 30 मिनट तक मदद के लिए एम्बुलेंस की इतंजार तरह हुए दर्द से कराह रहे थे। जहां समय पर न एम्बुलेंस पहुंच और न मायरा रिसॉर्ट के कोई स्टाफ जहां मदद के लिए गोहर लगते रहे पीड़ित जिन्हें आधे घंटे बाद एंबुलेंस घटना स्थान पहुंचे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया किया गया। वही पीड़ित मायरा रिसॉर्ट में रायपुर जाने के लिए निकले थे जो मेन रोड़ पर अपने साइड आने के लिए रोड़ पर कर रहे थे की वह इस समय टाटा एस तेज रफ्तार से दोनों बाइक को ठोकर मारत हुए आगे बढ़ा जहां घटना के बाद गाड़ी चालक फरार है।

### कुर्मी समाज की बैठक में एकता पर दिया गया जोर

कूंरा। मांढर मंडल की प्रथम बैठक गिरौद पर स्थित मनवा कुर्मी भवन में मांढर मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में भावेश बघेल (अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारी ओबीसी ) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया।

## निधन

### शिवा जलछत्री

आरंग। आरंग निवासी 27 वर्षीय शिवा जलछत्री का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए। वे उमाकांत जलछत्री के पुत्र थे।



### नारी शक्ति को मिला आत्मनिर्भरता का उपहार राज्य में स्वर्ण युग की शुरुआत

# सीएम साय के जन्मदिन पर पूजा-अर्चना की, केक काटे एवं मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ के जनप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जन्मदिवस आज धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक हर्षोल्लास और जन-कल्याणकारी संकल्पों के साथ मनाया गया। सेवा ही संकल्प की भावना को चरितार्थ करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री अनुज शर्मा ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों की ऐसी श्रृंखला पिरोई, जिसमें भक्ति, करुणा और स्वावलंबन का अनुपम दर्शन हुआ। चरोदा के प्राचीन शिवालय से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों की चौखट तक, हर जगह मुख्यमंत्री के प्रति अगाध स्नेह की लहर दिखाई दी।

■ कृषि, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में राज्य ने इतिहास रचा है, प्रगति को गति मिली है

### शिव मंदिर में मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य की कामना की

दिन का शुभारंभ ग्राम पंचायत चरौदा स्थित अति-प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिर में हुआ। यहाँ विधायक श्री अनुज शर्मा ने पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान आशुतोष का महारुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता की सुख-समृद्धि हेतु किए गए इस अनुष्ठान में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल बांटे गए। सशक्त महिला-सशक्त प्रदेश के विजन को आगे बढ़ाते हुए धरसींवा ग्राम पंचायत में 'नारी शक्ति' के साथ भव्य आयोजन हुआ। यहाँ विधायक श्री अनुज शर्मा ने मातृशक्ति के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन का केक काटा जंहा विशेष रूप से गोदावरी इस्पात पावर लिमिटेड के सीएसआर पहल के अंतर्गत संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।





### साय के नेतृत्व छत्तीसगढ़ के स्वर्ण युग की शुरुआत : अनुज

इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्री अनुज शर्मा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भावुक और ऊर्जावान उद्बोधन दिया उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक उत्सव है। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके हृदय में छत्तीसगढ़ की परंपराएं और माटी की महक रची-बसी है।

### सीएम के जन्मदिन पर हितग्राहियों का सम्मान

अभनपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभनपुर भाजयुमो मंडल द्वारा ग्राम केंद्री में हितग्राहियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

### सीएम के जन्मदिन पर संपर्क और सम्मान समारोह किया

सिलयारी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जन्मोत्सव पर मंडल धरसीवा में हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान आयोजित छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल धरसीवा द्वारा "हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क कर उनका सम्मान किया गया एवं उन्हें शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शकुंतला दिलेंद्र सेन जनपद अध्यक्ष एवं जनपद प्रतिनिधि दिलेंद्र सेन उपस्थित रहें, उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित जनहितकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संयोजक कार्यकर्ता श्री योगेश साहू और बूथ अध्यक्ष श्री निर्मल श्रीवास भी रहे। कार्यक्रम संयोजक श्री योगेश साहू ने कहा माननीय मुख्यमंत्री विष्णु भैया जी के प्रतिबद्धता के कारण आज छत्तीसगढ़ प्रदेश सुशासन है और ऐसा जन नेता छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर श्री दीपक निषाद, तुषार साहू, टिकेंद्र साहू, ज्ञानेंद्र साहू, हरीश महंत, द्रोण साहू, कान्हा, विजय साहू सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय गौरव रथ का जामगांव में स्वागत

अभनपुर। यहां कुछ दूरी पर स्थित माँ मातंगी दिव्य धाम ग्राम जी जामगांव मे राष्ट्रीय गौरव रथ आगमन पर भव्य, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्वागत किया गया। धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमा साई जी महाराज के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन में राष्ट्र जागरण, सांस्कृतिक एकता और धार्मिक चेतना का संदेश दिया गया। माँ मातंगी दिव्य धाम जिसे आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरण के कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध है। मीडिया से चर्चा के दौरान डॉ. प्रेमा साई जी महाराज ने हिंदू जागरण, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्र चेतना पर अपने विचार व्यक्त करते उन्होने छत्तीसगढ़ शासन से आग्रह किया कि महापुरुषों के जीवन और उनके योगदान को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में समुचित स्थान दिया जाए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 5 बजे राष्ट्रीय गौरव रथ का विधिवत पूजन किया गया, जिसके बाद भव्य शोभायात्रा झांकी एवं जस सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति से लोग झूमते नजर आये। माँ मातंगी दिव्य धाम में हुआ यह स्वागत समारोह छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा। गौरव रथ नासिक, शिरडी, संभाजीनगर, रायपुर सहित विभिन्न शहरो से होते हुये जगन्नाथ पुरी पहुंची जहां अंतरराष्ट्रीय शिव जन्मोत्सव के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,प्रांत प्रचारक राकेश भार्गव सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने इसे छत्तीसगढ़ की धरती के लिए गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया।

# अस्मिता खेलो इंडिया में सात बेटियों का चयन



आरंग। खेलो इंडिया के अंतर्गत 24 व 25 फरवरी 2026 को दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया पेंचक सिलाट वेस्ट ज़ोन चैंपियनशिप के लिए अकादमी ऑफ स्पोर्ट्स कराटे (डोजो सरस्वती ज्ञानदीप स्कूल, आरंग) की सात छात्राओं का चयन हुआ है। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में आरंग की बेटियाँ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। चयनित खिलाड़ियों में एंजेल वर्मा, परिधि राजपूत, योज्यता बंजारे, अदिति सिंह, भव्या अग्रवाल, आद्या अग्रवाल एवं खनक रात्रे शामिल हैं। इन छात्राओं ने कोच सेंसेई अब्दुल रहीम खान एवं गर्ल्स कोच कोपल योगी के मार्गदर्शन में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कोच अब्दुल रहीम ने बताया कि छात्राओं की मेहनत और समर्पण के कारण ही उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की इस क्षेत्रीय चैंपियनशिप के लिए संभव हो पाया है। विद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय खेल प्रेमियों ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ब्लाक का बोर्ड परीक्षाओं का सबसे बड़ा केंद्र चंदखुरी में



आरंग। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत आरंग ब्लॉक का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र पीएम ए.आर. बरछिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंदखुरी बना है, जहाँ कुल 323 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानसोज की प्राचार्या श्रीमती इला सेंगर, जो इस परीक्षा केंद्र की केंद्राध्यक्ष भी हैं, ने केंद्र पहुँचने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से सहायक केंद्राध्यक्ष विजय डहरिया, अनन्या राउत, प्रीतम चंद्राकर एवं लखपति राठौर उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाई। परीक्षा केंद्र में मंडल के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। विद्यालय परिवार ने सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार विक्रेता/भूमि स्वामी सोम प्रकाश साहू पिता बलराम साहू निवासी- बजरंग चौक, पिपरछेडी धमतरी वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.- 15015/118 का भाग रकबा 18 बाई 40 कुल- 720 वर्गफूट जो कि ग्राम सेजबहार, (मयूर वाटिका) प.ह.नं. -82, रा.नि.मं.- रायपुर-18- कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना अदा कर दिया है, मात्र बैनामा की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 08 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद बीतने म्याद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

अतः सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-20/02/2026

**संगीता साहू**
**(अधिवक्ता)**
**बार रूम नं.-104 जिला न्यायालय रायपुर छ.ग., मो.नं.- 99264 44948**

### आम सूचना

**"आवासीय संपत्ति जिसका भूखंड क्र. ई-06, खसरा क्र.-15010/1 का भाग, रकबा -1299.22 वर्ग फुट है जो कि, अनंता कॉलोनी, ग्राम-लाभांडी, प.ह.न.- 65, वार्ड क्र.-28 (पुराना)/51 (नया), तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है." के सम्बंध में आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में मेरे पक्षकार ओम प्रकाश सिंघानिया व श्रीमति आशा सिंघानिया के स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है जिसे उनके द्वारा मेसर्स विकृति इनफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से एक विक्रय विलेख, जिसका पंजीयन दिनांक 25.02.2025 को पुस्तक क्र.-1, ग्रंथ क्र.-76410 में दस्तावेज क्र.-CG-2024-25-102-1-7828 देकर पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था, आज दिनांक को उनके घर में रखे गए रिकॉर्ड में अत्यधिक प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है एवं उसके गुम हो जाने की पूर्ण संभावना है और इसके संबंध में पुलिस थाना, सरस्वती नगर, रायपुर के समक्ष दिनांक 16.02.2026 को सूचना दी गई है। उक्त संपत्ति को विक्रय किया जाना है जिस हेतु उक्त संपत्ति को एचडीएफसी बैंक में बंधक रखा जावेगा।

अतः यदि उपरोक्त गुम मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार अवैधानिक तरीके से कूट रचना कर अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि द्वारा किया जाता है, अथवा किया गया है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि ऐसे किसी संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि को हानि पहुंची हो अथवा कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्नालिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपात्ति अवैध तथा शुन्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी व वह जैसा चाहे उस रूप में अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होवेगा।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर
दिनांक - 21/02/2026

मनीष मल्होत्रा, अधिवक्ता
जी-7, सैक्टर-1, अवन्ती विहार, रायपुर छ.ग.
मो.- 9826628916

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर
### आम सूचना

दिनांक 19/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुरज वगै. पिता भोजराम बघेल नि. ग्राम तुलसी तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम तुलसी प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 675/1, 675/2, 675/3, 675/4, 675/6 रकबा 0.441, 0.197, 0.101, 0.101, 0.321 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के झा./रा.प्र.क्र. रायपुर के आदेश दिनांक 19/12/2025 के परिपालन में दिनांक 26/02/2026 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

### आम सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं दुर्गाशंकर चंद्राकर, पिता स्व. तोरन लाल चंद्राकर, पता- 216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.) का निवासी हूँ। मेरे पुत्र ( प्रसन्न कुमार) का पासपोर्ट (जिसका पासपोर्ट नंबर- H3488256 है) में मेरा नाम "दुर्गा शंकर (DURGA SHANKAR)" दर्ज है, जिसे बदलकर मैं अपना पूरा नाम "दुर्गाशंकर चंद्राकर (DURGASHANKAR CHANDRAKAR)" दर्ज करवाना चाहता हूँ। इस प्रकार से मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम "दुर्गाशंकर चंद्राकर (DURGASHANKAR CHANDRAKAR)" लिखा वा पढ़ा जावे।

**दुर्गाशंकर चंद्राकर**
**216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.), पिन कोड- 491111**

### आम सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं गिरजा बाई चंद्राकर, पति- दुर्गाशंकर चंद्राकर, पता- 216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.) की निवासी हूँ। मेरे पुत्र ( प्रसन्न कुमार) का पासपोर्ट (जिसका पासपोर्ट नंबर - H3488256 है) में मेरा नाम "गिरिजा (GIRIJA) "दर्ज है, जिसे बदलकर मैं अपना पूरा नाम "गिरजा बाई चंद्राकर (GIRJA BAI CHANDRAKAR)" दर्ज करवाना चाहती हूँ । इस प्रकार से मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम "गिरजा बाई चंद्राकर (GIRJA BAI CHANDRAKAR)" लिखा वा पढ़ा जावे।

**गिरजा बाई चंद्राकर**
**216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.), पिन कोड- 491111**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## पेज 11 के शेष ...

### 261 करोड़ की ....

डिस्पोजल, थर्मोकोल के साथ नदी में सीधे जा रहा है। अब इसे रोकने वाल्व लगाया जाएगा, नया चैंबर बनाने के साथ ही नाले की लाइनिंग कर दीवार ऊंची करानी होगी, तब कहीं जाकर खारुन मैली होने से बच पाएगी। इस पूरे कार्य में 11 करोड़ का फटका निगम को लगने वाला है, ऐसे में अफसरों ने रिवाइज प्रपोजल बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। दरअसल, शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली खारुन नदी जलकुंभी और सीवर से शहर का नाला बनकर रह गई है। पीहर पुलिया पास सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी प्लास्टिक झिल्ली और डिस्पोजल के साथ नदी में जा रहा है। इसके चलते वहां की स्थिति विकट हो चली है। बारिश का पानी सूखने के बाद जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है। चिंगरी नाला का गंदा पानी बिना उपचारित हुए इसी रास्ते से नदी में मिल रहा है।

### भेजा है रिवाइज....

प्रपोजल शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है, स्वीकृति मिलते ही ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। अनुबंधित एजेंसी को 5 साल तक संचालन व संधारण की जिम्मेदारी दी जाएगी। *- पी. राजेश नायडू, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर*

### 47 दिन में भी नहीं ....

नहीं कराई गई। महाशिवरात्रि के समय पुण्य स्नान के लिए महादेवघाट पहुंचे श्रद्धालुओं को इस बार जलकुंभी के कारण डुबकी लगाने में भी खासी परेशानी हुई। कुल मिलाकर खारुन नदी की दशा दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

### कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे ...

का घेराव किया। कांग्रेस का आरोप है कि आज देश का युवा हताश है, किसान संघर्ष कर रहा है और हर वर्ग में निराशा गहराती जा रही है। बेरोज़गारी चरम पर है, महंगाई काबू से बाहर है और सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोप लगाकर जनता का ध्यान भटका रही है।

### चावल उत्सव के ....

*कलेक्टर के औचक निरीक्षण में बंद मिली दुकान:* कलेक्टर गौरव सिंह शनिवार को शहर के दौरे पर निकले थे। उनके साथ जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अभियंता कुमार बिश्वरंजन एवं नगर निगम रायपुर आयुक्त विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस निरीक्षण के दौरान वे चंदनीडीह स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 441001002 पहुंचे। इस दुकान को जय बजरंग औद्योगिक भंडार समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था। कलेक्टर दोपहर करीब 12 बजे दुकान पहुंचे। उस समय दुकान बंद मिली, वहीं उसका संचालक भी अनुपस्थित मिला। दुकान का एक कर्मचारी कलेक्टर के आने की सूचना मिलने पर वहां पहुंचा और दुकान खोली।

*कलेक्टर के निर्देश पर सस्पेंड :* कलेक्टर के निर्देश पर दुकान को संस्पेंड कर दिया है। इस दुकान के हितग्राहियों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए दुकान को फिलहाल आईडी क्रमांक 441001275 में अटैच की गई है। इस तरह हितग्राही इसी दुकान से राशन ले पाएंगे।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर*



## खबर संक्षेप

### ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग

रायपुर। सत्तीबाजार चौक में ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग समस्त व्यापारी और निवासियों ने प्रशासन से की है। इस संबंध में नगरवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हम क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों द्वारा पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी आजाद चौक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं पार्षद सत्तीबाजार को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लंबे समय से इस क्षेत्र में धुमाल, डीजे, अत्यधिक तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम एवं विभिन्न प्रकार के जुलूसों के कारण असहनीय ध्वनि प्रदूषण एवं अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। तेज आवाजों से बुजुर्गों, बच्चों, विद्यार्थियों एवं विशेष रूप से समीप स्थित कंकाली हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ रहा है। कई बार अस्पताल के गंभीर मरीजों की स्थिति भी प्रभावित होती है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इस समस्या की गंभीरता को आमजन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि समझ सकें और शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। मांग करने वालों में तनू, गुंजा, पूर्णिमा यादव, गोवर्धन आदि शामिल रहे।

### पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से पुरानी बस्ती महामाया मंदिर स्थित सत्संग भवन हाल में 22 फरवरी को सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला, पुरुषों के अंधेरे जीवन में फिर से उजाला लाने पुनर्विवाह के लिए राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्ते जुड़ेंगे। सम्मेलन में उम्रदराज अविवाहित युवक-युवतियां व दिव्यांग भी शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल होंगे, अध्यक्षता विवेकानंद सदर बाजार वार्ड पार्षद तथा नगर निगम जोन 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा करेंगे। परिचय सम्मेलन के दौरान शिक्षा व कानून जगत से जुड़ी हुई महिला सेविकाएं काउंसिलिंग के माध्यम से रिश्ता जोड़ने अपनी भूमिका निभाएंगी, इसके लिए अलग से टीम गठित की गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर, महासचिव अनघा करकशे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम दिवस रविवार को भारी भीड़ उमड़ेगी, जिनके पंजीयन के लिए सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुले रहेंगे।

## निधन

### अरविंद विनय भरोस



रायपुर। ढेबर पिंक सिटी निवासी पूर्व डीएम, ओरिएंटल इंश्योरेंस अरविंद विनय भरोस (79) का 21 फरवरी को मुंबई में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के खारघर कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे अरुण भरोस, अजय भरोस, अजीत भरोस, आरती खानी, बीना सिंग एवं निशा जेम्स के भाई और भावना, अनुभूति के पिता थे।

# पुलिस कमिश्नरेट का रिपोर्ट कार्ड, एक्शन डेढ़ सौ फीसदी बढ़ा, चोरी पर अंकुश की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई है। पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के साथ आसामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई पहले की तुलना में सौ से डेढ़ सौ प्रतिशत ज्यादा हुई है, लेकिन प्रापर्टी आफेंस चोरी, नकबजनी में अब तक अंकुश नहीं लग पाया है। नियमित पांच चोरी, उठाईगिरी की घटनाएं हो रही हैं। चोरी, उठाईगिरी में रिकवरी रेट वाहन चोरी को मिलाकर 24 प्रतिशत के करीब है। पिछले वर्ष की तुलना की जाए, तब भी राजधानी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में प्रतिदिन पांच से ज्यादा चोरी की घटनाएं होती थीं।

## अफसरों की फौज होने के बावजूद रिकवरी रेट 25 प्रतिशत से कम

### इस महीने इन प्रकरणों के इतने मामले

मारपीट, हत्या, लूट, डकैती से ज्यादा चोरी की घटना सुलझाना पुलिस के लिए चुनौती रहती है। हत्या, लूट, डकैती जैसे मामलों को सुलझाने का औसत सौ प्रतिशत तक पहुंच जाता है। चोरी, उठाईगिरी की घटना को सुलझाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती रहती है। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद 23 जनवरी से 22 फरवरी के बीच चोरी, उठाईगिरी के 146 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज किए गए प्रकरण में से 35 प्रकरण को पुलिस सुलझा पाई है। इस लिहाज से पुलिस ने दर्ज प्रकरण में से महज 24 प्रतिशत प्रकरण को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है।



### आने वाले दिनों में दिखेगा असर

चोरी की घटना पर अंकुश लगाने जितने पुराने के साथ नए निगरानी बदमाश हैं, उनकी लिस्टिंग कराई जा रही है। लिस्टिंग होने के बाद चोरी की घटना को अंजाम देने वाले निगरानी बदमाशों की निगरानी बढ़ाई जाएगी। इससे उठाईगिरी, चोरी की घटना पर लगाम लगेगी। *- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर*

### लूट की घटनाएं पूर्व की तरह अब भी जारी

लूट की घटना का औसत भी पूर्व की तरह है। पिछले वर्ष औसतन हर महीने छह लूट की घटनाएं दर्ज की गई थीं। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद एक महीने में छह लूट की घटनाएं हुई हैं। राहत की बात यह रही है कि लूट की घटना में से पुलिस ने पांच घटना को सुलझाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पिछले वर्ष एक साल में 71 लूट की घटनाएं हुई थी। उनमें से 55 प्रकरण मामले के ही आरोपी पकड़े गए थे।

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए एक माह हो गया। इस एक माह में पुलिस ने गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए एक महीने के अंदर एक हजार से ज्यादा गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है। एक ओर पुलिस जहां गुंडे बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, वहीं निगरानी बदमाशों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से चोरी, उठाईगिरी का अपराध यथावत है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कहना है कि जितने निगरानी बदमाश हैं, उनकी नए सिरे से लिस्टिंग की जा रही है। निगरानी बदमाशों की लिस्टिंग होने के बाद निगरानी बदमाशों की निगरानी बढ़ाई जाएगी। इससे चोरी की घटना पर आने वाले दिनों में अंकुश लगेगा।

# स्मार्ट सिटी का हाल ऐसा कि कार्रवाई के दूसरे दिन सड़क कब्जा कर सजा रहे दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी नाम की स्मार्ट सिटी रह गयी है। स्मार्ट सिटी में एक तरफ लोगों के लिए आवाजाही सुगम होनी चाहिए, वहीं सड़क साफ सुथरी होने के साथ कब्जा मुक्त होनी चाहिए। इसके विपरीत स्मार्ट सिटी में आजीविका कमाने वाले दुकान संचालक से लेकर ठेला, खोमचा लगाने वाले सड़क कब्जा कर कारोबार संचालित कर रहे हैं। ठेला, खोमचा वाले ऐसी जगहों पर कब्जा कर अपना कारोबार संचालित करते हैं, जहां शैक्षणिक संस्थान होने के साथ लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है। ऐसे कब्जाधारियों के खिलाफ नगर निगम पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई करता है, लेकिन उनका क्या जो शहर के व्यस्त मार्गों पर अघोषित रूप से बस तथा ऑटो स्टापेज बनाकर अपने वाहन पार्क करते हैं।

- शहर के व्यस्त मार्गों पर बस ऑपरेटरों का कब्जा, जिम्मेदार बेबस

राजधानी में पिछले कुछ दिनों से नगर निगम तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने मालवीय रोड, बैजनाथपारा, मौदहापारा, पचपेड़ी नाका जैसे सघन इलाकों में सड़क कब्जा कर कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके सामान जब्त करने की कार्रवाई की। नगर निगम ने जिन क्षेत्रों में कार्रवाई की है, उसके दूसरे तीसरे दिन स्थिति यथवात हो गई। ऐसे में निगम की कार्रवाई पर सवाल उठ रहा है।

### ऑटो, बस ऑपरेटरों की मनमानी

इंटर स्टेट बस टर्मिनल से लेकर पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा तथा मैग्नेटो मॉल तक, इधर धमतरी रोड में कैनल लिंक रोड के ओवरब्रिज के नीचे ऑटो चालक के साथ बस ऑपरेटर जहां खाली जगह मिलती है, वहां अपना स्टापेज बनाकर अपने वाहन पार्क करते हैं। ऐसा नहीं है कि ट्रैफिक पुलिस बस ऑपरेटर के साथ ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। कार्रवाई होने के कुछ दिन तक रोड क्लीयर रहता है। इसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।

### बस टर्मिनल में जगह कम पड़ने लगी

बस टर्मिनल के पीछे जगह तो है, लेकिन वहां बस पार्क करने बस ऑपरेटरों को किराया देना पड़ता है। इसके कारण कई बस ऑपरेटर इनमें ज्यादातर इंटर स्टेट बस सर्विस के पास पनी बसों को टर्मिनल के बाहर पार्क देते हैं। सड़क किनारे बस पार्क करने के साथ बस के हेल्पर, ड्राइवर रोड में बसों की धुलाई करते हैं। इसके साथ ही राजेंद्र नगर सर्विस रोड में इंटर स्टेट चलने वाली चार से पांच बसों की पार्किंग होती है।

### कार्रवाई करने से स्थिति में होगा सुधार

सड़कों पर अवैध कब्जा रोकने नगर निगम को शहर के हर प्रमुख स्थानों में चौपाटी बनानी होगी। खासकर शैक्षणिक संस्थानों के आसपास जगह सुनिश्चित करनी होगी ठेला-खोमचा लगाने वालों के लिए। इसके साथ ही रोड में वाहन पार्क करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ऑनलाइन चालानी कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस को करनी होगी।

**दस हजार से ज्यादा ऑटो**

राजधानी की सड़कों पर 10 हजार से ज्यादा ऑटो दौड़ रहे हैं। राजधानी की आबादी 15 लाख के करीब है। ऐसे में औसतन 667 आदमी के पीछे एक ऑटो संचालित हो रहा है। ऑटो चालकों की मनमानी इंटर स्टेट बस टर्मिनल के साथ रेलवे स्टेशन तक देखने को मिलती है। जयस्तंभ से लेकर घड़ी चौक तक को नो ऑटो जोन घोषित करने से राहत है। नो ऑटो जोन घोषित नहीं हुआ था, उसके पूर्व डीकेएस अस्पताल से लेकर जयस्तंभ चौक तक रोड में ऑटो चालकों का कब्जा रहता था। ऑटो का दबाव आंबेडकर अस्पताल के आसपास देखने को मिलता है।

# आठ से 14 वर्ष के नाबालिग बच्चों ने अपने साथी पर किया ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार शाम नाबालिग बच्चे आपस में भिड़ गए। आपस में भिड़ने वाले बच्चों की उम्र आठ से 14 साल के बीच बताई जा रही है। बताया जा रहा है, बच्चे नशे के सामान के बंटवारे को लेकर एक दूसरे के साथ विवाद कर रहे थे। इस दौरान तीन नाबालिगों ने एक अन्य नाबालिग पर मारपीट के बाद ब्लेड से हमला कर दिया। बच्चों द्वारा चाकू चलाए जाने की चर्चा है, लेकिन पुलिस ने इस बात से इनकार किया है। घायल बच्चे को पुलिस ने उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है।

- बच्चों के बीच चाकूबाजी होने की चर्चा, हमले की वजह नशे के सामान का विवाद बताया जा रहा

पुलिस के अनुसार घटना शाम के समय सत बहनिया मंदिर के पास हुई। श्याम नगर निवासी 8 से 14 वर्ष आयु के तीन नाबालिगों ने सतबहनिया मंदिर निवासी एक नाबालिग को घेर लिया। आरोप है कि पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान नाबालिगों ने चाकू निकालकर जांघ और हाथ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। नाबालिग पर हमला करने वाले तीनों बच्चों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि आज

रायपुर। खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि 22 फरवरी को सुबह 11 बजे फूल चौक नवीन मार्केट स्थित मूर्ति स्थल पर मनाई जाएगी। इस मौके पर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मूर्ति स्थल के प्रांगण की सफाई, पुष्पसज्जा नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा जोन 4 के सहयोग से की जायेगी।

### नाली जाम, लगा जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रिंग रोड स्थित रेस्टोरेंट और बार की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया। रेस्टोरेंट और बार में गंदगी पाए जाने और नाली को जाम किये जाने की जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर रेस्टोरेंट और बार के संचालक पर 6000 रुपये का ई जुर्माना किया।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार विक्रेता/भूमि स्वामी सोम प्रकाश साहू पिता बलराम साहू निवासी- बजरंग चौक, पिपरछेडी धमतरी वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.- 15015/118 का भाग रकबा 18 बाई 40 कुल- 720 वर्गफूट जो कि ग्राम सेजबहार, (मयूर वाटिका) प.ह.नं. -82, रा.नि.मं.- रायपुर-18- कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना अदा कर दिया है, मात्र बैनामा की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 08 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद बीतने म्याद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

अतः सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-20/02/2026

संगीता साहू
(अधिवक्ता)
बार रूम नं.-104 जिला न्यायालय
रायपुर छ.ग., मो.नं.- 99264 44948

### आम सूचना

**"आवासीय संपत्ति जिसका भूखंड क्र. ई-06, खसरा क्र.-15010/1 का भाग, रकबा -1299.22 वर्ग फुट है जो कि, अनंता कॉलोनी, ग्राम-लाभांडी, प.ह.न.- 65, वार्ड क्र.-28 (पुराना)/51 (नया), तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है." के सम्बंध में आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में मेरे पक्षकार ओम प्रकाश सिंघानिया व श्रीमति आशा सिंघानिया के स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है जिसे उनके द्वारा मेसर्स विकृति इनफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से एक विक्रय विलेख, जिसका पंजीयन दिनांक 25.02.2025 को पुस्तक क्र.-1, ग्रंथ क्र.-76410 में दस्तावेज क्र.-CG-2024-25-102-1-7828 देकर पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था, आज दिनांक को उनके घर में रखे गए रिकॉर्ड में अत्यधिक प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है एवं उसके गुम हो जाने की पूर्ण संभावना है और इसके संबंध में पुलिस थाना, सरस्वती नगर, रायपुर के समक्ष दिनांक 16.02.2026 को सूचना दी गई है। उक्त संपत्ति को विक्रय किया जाना है जिस हेतु उक्त संपत्ति को एचडीएफसी बैंक में बंधक रखा जावेगा।

अतः यदि उपरोक्त गुम मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार अवैधानिक तरीके से कूट रचना कर अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि द्वारा किया जाता है, अथवा किया गया है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि ऐसे किसी संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि को हानि पहुंची हो अथवा कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्नालिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपात्ति अवैध तथा शुन्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी व वह जैसा चाहे उस रूप में अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होवेगा।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर
दिनांक - 21/02/2026

मनीष मल्होत्रा, अधिवक्ता
जी-7, सैक्टर-1, अवन्ती विहार, रायपुर छ.ग.
मो.- 9826628916

### आम सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं दुर्गाशंकर चंद्राकर, पिता स्व. तोरन लाल चंद्राकर, पता- 216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.) का निवासी हूँ। मेरे पुत्र ( प्रसन्न कुमार) का पासपोर्ट (जिसका पासपोर्ट नंबर- H3488256 है) में मेरा नाम "दुर्गा शंकर (DURGA SHANKAR)" दर्ज है, जिसे बदलकर मैं अपना पूरा नाम "दुर्गाशंकर चंद्राकर (DURGASHANKAR CHANDRAKAR)" दर्ज करवाना चाहता हूँ। इस प्रकार से मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम "दुर्गाशंकर चंद्राकर (DURGASHANKAR CHANDRAKAR)" लिखा वा पढ़ा जावे।

**दुर्गाशंकर चंद्राकर**
**216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.), पिन कोड- 491111**

### आम सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं गिरजा बाई चंद्राकर, पति- दुर्गाशंकर चंद्राकर, पता- 216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.) की निवासी हूँ। मेरे पुत्र ( प्रसन्न कुमार) का पासपोर्ट (जिसका पासपोर्ट नंबर - H3488256 है) में मेरा नाम "गिरिजा (GIRIJA) "दर्ज है, जिसे बदलकर मैं अपना पूरा नाम "गिरजा बाई चंद्राकर (GIRJA BAI CHANDRAKAR)" दर्ज करवाना चाहती हूँ । इस प्रकार से मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम "गिरजा बाई चंद्राकर (GIRJA BAI CHANDRAKAR)" लिखा वा पढ़ा जावे।

**गिरजा बाई चंद्राकर**
**216, ग्राम सांतरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.), पिन कोड- 491111**





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## पेज 11 के शेष ...

### 261 करोड़ की ....

डिस्पोजल, थर्मोकोल के साथ नदी में सीधे जा रहा है। अब इसे रोकने वाल्व लगाया जाएगा, नया चैंबर बनाने के साथ ही नाले की लाइनिंग कर दीवार ऊंची करानी होगी, तब कहीं जाकर खारुन मैली होने से बच पाएगी। इस पूरे कार्य में 11 करोड़ का फटका निगम को लगने वाला है, ऐसे में अफसरों ने रिवाइज प्रपोजल बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। दरअसल, शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली खारुन नदी जलकुंभी और सीवर से शहर का नाला बनकर रह गई है। पीहर पुलिया पास सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी प्लास्टिक झिल्ली और डिस्पोजल के साथ नदी में जा रहा है। इसके चलते वहां की स्थिति विकट हो चली है। बारिश का पानी सूखने के बाद जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है। चिंगरी नाला का गंदा पानी बिना उपचारित हुए इसी रास्ते से नदी में मिल रहा है।

### भेजा है रिवाइज....

प्रपोजल शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है, स्वीकृति मिलते ही ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। अनुबंधित एजेंसी को 5 साल तक संचालन व संधारण की जिम्मेदारी दी जाएगी। *- पी. राजेश नायडू, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर*

### 47 दिन में भी नहीं ....

नहीं कराई गई। महाशिवरात्रि के समय पुण्य स्नान के लिए महादेवघाट पहुंचे श्रद्धालुओं को इस बार जलकुंभी के कारण डुबकी लगाने में भी खासी परेशानी हुई। कुल मिलाकर खारुन नदी की दशा दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

### कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे ...

का घेराव किया। कांग्रेस का आरोप है कि आज देश का युवा हताश है, किसान संघर्ष कर रहा है और हर वर्ग में निराशा गहराती जा रही है। बेरोज़गारी चरम पर है, महंगाई काबू से बाहर है और सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोप लगाकर जनता का ध्यान भटका रही है।

### चावल उत्सव के ....

*कलेक्टर के औचक निरीक्षण में बंद मिली दुकान:* कलेक्टर गौरव सिंह शनिवार को शहर के दौरे पर निकले थे। उनके साथ जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अभियंता कुमार बिश्वरंजन एवं नगर निगम रायपुर आयुक्त विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस निरीक्षण के दौरान वे चंदनीडीह स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 441001002 पहुंचे। इस दुकान को जय बजरंग औद्योगिक भंडार समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था। कलेक्टर दोपहर करीब 12 बजे दुकान पहुंचे। उस समय दुकान बंद मिली, वहीं उसका संचालक भी अनुपस्थित मिला। दुकान का एक कर्मचारी कलेक्टर के आने की सूचना मिलने पर वहां पहुंचा और दुकान खोली।

*कलेक्टर के निर्देश पर सस्पेंड :* कलेक्टर के निर्देश पर दुकान को संस्पेंड कर दिया है। इस दुकान के हितग्राहियों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए दुकान को फिलहाल आईडी क्रमांक 441001275 में अटैच की गई है। इस तरह हितग्राही इसी दुकान से राशन ले पाएंगे।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर*



## खबर संक्षेप



### मिर्जा एजाज बेग बने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मिर्जा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने शनिवार को अधिसूचना जारी की है। हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधान अनुसार छग राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर मिर्जा एजाज बेग का चुनाव किया गया। उसके बाद राज्य शासन द्वारा अधिूसचना जारी कर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। जुमा नमाज के बाद हजरत गरीब नवाज मस्जिद संजय नगर के मुतवल्ली मोहम्मद अली एवं मस्जिद कमेटी के मेम्बरान तथा मुस्लिम समाज ने गर्मजोशी से श्री बेग का स्वागत किया। श्री बेग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं पार्टी के समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।

### 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ सरचार्ज

**रायपुर**। महापौर मीनल चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होकर नगर हित से जुड़े सुझावों को सामने रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम



एक जनसेवी संस्था है, जिसका उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं है। विद्युत नियामक आयोग नगर निगम को ग्रास सब्सिडाइजेशन श्रेणी में न रखे और व्यावसायिक दर श्रेणी से बाहर रखे। अधिक बिल के कारण आवश्यक सेवाएं प्रभावित होंगी।
महापौर मीनल चौबे ने सवाल उठायाा कि 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ का सरचार्ज। क्या इसे यूजर चार्ज और संपत्ति कर के रूप में ही जनता की जेब से वसूलें? रायपुर नगर निगम की महापौर ने विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि नगर निगम जनसेवा का कार्य करती है।

### कर्मचारी की सतर्कता से उरला के संगीता फ्यूल्स में टला बड़ा हादसा

**रायपुर**। उरला स्थित संगीता फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की मुस्तैदी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। 18 फरवरी की शाम लगभग 7.40 बजे दो युवकों की लापरवाही से अचानक आग भड़क उठी, जिसे पेट्रोल पंप के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग सिस्टम और प्रशिक्षित स्टाफ ने चंद सेकंड में नियंत्रित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक में ईंधन भराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने सुरक्षा चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए लाइटर जला दिया। ईंधन भरते समय इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत से बाइक की टंकी के पास हल्की आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

# बढ़ जाएंगी एमबीबीएस की ढाई सौ सरकारी सीटें, मेडिकल कालेजों में पढ़ाने वालों की व्यवस्था बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले दिनों में राज्य में ढाई सौ सीटें बढ़ने से एमबीबीएस की शासकीय सीटों की संख्या बढ़कर 1680 हो जाएगी। खुलने वाले पांच नए मेडिकल कालेजों में पढ़ाने के लिए कम से कम 100 चिकित्सा शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जिनकी व्यवस्था बड़ा चैलेंज है। राज्य में अभी संचालित दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 1123 शिक्षकों की कमी है।

इन्हें दूर करने संविदा भर्ती का ट्रिक काम नहीं कर रहा है और सीधी भर्ती की प्रक्रिया अधूरी है। स्वास्थ्य सुविधा को आसान बनाने के लिए हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजना पर काम किया जा रहा है। अभी राज्य के दस जिलों में शासकीय मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा, गीदम और जशपुर जिले में नया कालेज खोलने की योजना पर काम पूरा किया जा रहा है। पचास-पचास सीटों के साथ शुरू होने वाले इन चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ राज्य में एमबीबीएस सीटों की संख्या 1430 से बढ़कर 1680 हो जाएगी। सीट बढ़ने से ज्यादा विद्यार्थियों को मौका मिलेगा मगर इन्हें पढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षकों की व्यवस्था करना विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। राज्य में अभी संचालित होने वाले मेडिकल कालेजों में वैसे तो 10 शासकीय कॉलेजों में वैसे तो 2058 चिकित्सा शिक्षकों का सेटअप है मगर उस पर काम करने वालों की संख्या 935 है और 1123 पद खाली पड़े है। चिकित्सा शिक्षकों की कमी को लेकर अक्सर एनएमसी द्वारा आपत्ति की जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग शिक्षकों की इन कमियों को दूर करने के लिए लगातार संविदा पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू का आयोजन तो करता है, मगर भविष्य के लिए चिंतित डाक्टर इसके लिए ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। विभागीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग 125 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम से कर रहा है इसके लिए आवेदन तो बुलाए गए हैं मगर उनके साक्षात्कार के लिए अब तक तारीख घोषित नहीं की गई है।

**राज्य में 15 हो जाएगी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या, जरूरत न्यूतम 100 टीचरों की**

#### कुनकरी में नहीं है अस्पताल

सूत्रों के मुताबिक जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय कुनकरी क्षेत्र में खोलना प्रस्तावित है और यहां से जिला अस्पताल काफी दूर है। एनएमसी के नियम के मुताबिक मेडिकल कालेज खोलने के लिए उससे संबंधित अस्पताल का होना अनिवार्य होता है। प्रदेश में संचालित कुछ चिकित्सा महाविद्यालय वहां के जिला अस्पताल की मदद से चल रहे हैं। विभागीय उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अभी जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय के जमीन का आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

#### संविदा चिकित्सक भी विरोध की तैयारी में



सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में संविदा चिकित्सक कार्य कर रहे हैं। नियमित किए जाने की मांग के लिए वे कई बार विभागीय स्तर पर प्रयास कर चुके हैं मगर उन्हें सफलता नहीं मिली है। नियमित किए जाने के लिए उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी भी की जा रही है। संविदा चिकित्सकों का तर्क है कि नियमित नहीं मिलने की वजह से बेहतर विकल्प मिलते ही नौकरी छोड़ देते हैं और कालेजों को फैकल्टी की कमी की परेशानी से जूझना पड़ता है।

**विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की ओर कैट की सशक्त पहल**

# नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 में जबरदस्त ऑफर्स, एक ही स्थान पर उपयोग का हर समान, आकर्षण का केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर इन दिनों राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बना हुआ है। कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में प्रदेश के साथ ही देशभर के व्यापार एवं उद्योग जगत के ब्रांड एक मंच पर भव्यता के साथ नजर आए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत उदघाटन के बाद शनिवार को नेशनल ट्रेड एक्सपो में जबरदस्त ऑफर्स की धूम रही। शंकर नगर बीटीआई मैदान में रायपुर को राष्ट्रीय व्यापारिक केन्द्र के रूप में सशक्त पहचान दिलाने परिसर को भव्य स्वरूप में सजाया गया है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐतिहासिक शुभारंभ के बाद दूसरे दिन और अधिक भव्यता, उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ एक्सपो ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आयोजन में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, उद्यमियों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों एवं महिला उद्यमियों से संवाद किया, साथ प्रदर्शित उत्पादों एवं नवाचारों की सराहना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 जैसे आयोजन स्थानीय व्यापार, उद्योग एवं उद्यमिता को सशक्त बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की सोच को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है।

#### देशभर से आए कंपनियों का प्रभावशाली प्रदर्शन

एक्सपो परिसर में लघु एवं मध्यम उद्योग, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, हस्तशिल्प, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा एवं औद्योगिक उत्पादों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से आए ब्रांड्स एवं कंपनियों की भागीदारी इसे व्यापारिक नेटवर्किंग एवं नए व्यावसायिक अवसरों का सशक्त मंच बना रही है। रविवार को होने वाले तीसरे दिन के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर परवानी ने बताया कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की दिशा में कैट का एक दूरदर्शी एवं ठोस प्रयास है, जो राज्य के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। विदित हो, कि 20 से 24 फरवरी तक चलने वाले इस राष्ट्रीय व्यापार महोत्सव का भव्य समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

# मार्च में छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, मनरेगा बचाओ संग्राम रैली में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान वे धमतरी जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी इस जनसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम, जंगल कटाई, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर जनता को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के धमतरी पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की इस जनसभा में प्रदेश भर से 50 हजार से ज्यादा लोग जुटने वाले हैं, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन 60वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगातार 60 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण शनिवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय जेल में बंद डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर हमें सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति नहीं दी जाती तो हम पूरे परिजनों के साथ डीएड अभ्यर्थी विधानसभा घेराव करते हुए सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन करते हुए जेल में ही आमरण अनशन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 25 करोड़ की शासकीय जमीन निजी खाते में चढ़ाकर बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) स्थित लगभग 25 करोड़ रुपए कीमत की शासकीय जमीन को तहसीलदार द्वारा निजी खाते में चढ़ाकर बेचे जाने का आरोप लगा है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने लगाया है।

उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी आईडी से एक मैसेज पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक नायब तहसीलदार ज्योति सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक पूर्व मंत्री के लिए यह पूरा खेल खेला है। इधर तहसीलदार ने इस आरोप को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि जिस आर्डर की बात कही जा रही है, वह उसके कार्यकाल का ही नहीं है, क्योंकि यह कलेक्टर कोर्ट का आर्डर है और इसमें सिर्फ नक्शा सुधार नहीं हो पाया है।

#### शिकायत की जांच तक नहीं

कुणाल शुक्ला ने आरोप लगाया है कि वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) में खसरा नंबर 331 जमीन है, जो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के नाम पर दर्ज है। इस जमीन का विधिवत सीमांकन कराया गया है, जिसमें पाया गया कि खसरा नंबर 331 में उसके दर्ज रकबे के अनुरूप भूमि मौजूद थी। इसी प्रकार खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 जो कुमारी पुजारी और दुर्गाबाई पुजारी के नाम पर दर्ज है, उनमें भी उनके रकबे से अधिक भूमि दर्ज पाई गई। इसके बावजूद आश्चर्यजनक रूप से खसरा नंबर 331 के नक्शे में से लगभग 1 एकड़ भूमि कम कर दी गई तथा भूमि खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 में जोड़ दी गई। इस तरह शासकीय भूमि के नक्शे को काटकर पुजारी परिवार की निजी भूमि में जोड़ कर बेच दी गई है।



# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मितानिन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

# उपभोक्ता न्याय को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं विधिक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जागरूकता एवं तकनीकी पहलुओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तकनीकी, डिजिटल व्यवस्था, प्रक्रियात्मक सुधार और विधायी संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उपभोक्ता संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, मध्यप्रदेश, गोवा, बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**डिजिटल सुविधाओं के उपयोग पर जोर :** इस दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को घर बैठे शिकायत दर्ज करने और सुनवाई में भाग लेने की सुविधा मिल रही है। उपभोक्ता न्याय को किफायती, पारदर्शी और त्वरित बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। सभी उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता लाने, मानकीकृत नियम एवं दिशानिर्देश अपनाने तथा केस मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिकायत स्वीकृति की प्रक्रिया, उपभोक्ता आयोग के आर्थिक एवं क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार, शिकायत और जवाब दावा प्रस्तुत करने की समय-सीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्पष्ट किया।




# कैट ने वित्तमंत्री को राज्य के आम बजट के लिए दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंडी शुल्क समाप्ति, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना सहित अन्य सुझाव

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट के लिए बिंदुवार सुझाव दिया है। इन प्रमुख सुझाव में ट्रेडर्स के लिए रियायती दर पर ऋण और मुख्यमंत्री मेरी दुकान योजना, व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस और पेंशन योजना संबंधी सुझाव शामिल है। इसी तरह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मंडी शुल्क समाप्ति और कृषि उत्पादोंपर व्यापारिक भार को कम करने प्रदेश के वित्त मंत्री को सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ के आम बजट में व्यापारिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना - स्मार्ट बाजार, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना, स्मार्ट टूरिज्म नीति और स्थानीय व्यापार को जोड़ने संबंधी सुझाव दिया है।





हरिभूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

एग्जाम में अपने शब्दों का इस्तेमाल....



# वैदिक विधि से 59 बटुकों का जनेऊ संस्कार शुरू, आज निकलेगी बारात



**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा निशुल्क जनेऊ संस्कार का आयोजन शनिवार से तुलसी मानस भवन में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू किया गया। समाज के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि माटी मांगर, देव पूजन से संस्कार शुरू किया गया। कोहबर एवं तेल-हल्दी के साथ रस्म पूरी की गई। वहीं रविवार को मुंडन, जनेऊ संस्कार के बाद बटुकों की बारात भी निकाली जाएगी। संरक्षक राममूर्ति तिवारी एवं आरएल द्विवेदी ने बताया कि प्रधान आचार्य यदुवंश मणि त्रिपाठी, वृषणेंद्र मिश्रा के निर्देशन में 59 पुरोहितों ने सनातनी परंपरा का निर्वहन कराया। पंजीयन प्रभारी वीके मिश्रा ने बताया कि 104 बटुकों का पंजीयन और तैयारी की गई थी, लेकिन परिजनों ने कठिन वैदिक परंपरा के पालन में असमर्थता व्यक्त करने से उन्हें अलग किया गया।

## परिवार के लोगों को सहयोग, निभाई परंपरा

आयोजकों ने बटुकों और उनके परिवार के लोगों को सहयोग करते हुए विधि-विधान से परंपरा निभाने में सहयोग किया। वहीं सामूहिक उपनयन संस्कार के चलते सामाजिक भवन में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। विभिन्न क्षेत्र से आए परिजनों को बनाई गई व्यवस्था से जोड़ने और सहयोग के लिए समाज के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई थी। इसमें समाज की महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई।बाहर से आए समाज के लोगों को सहयोग देने के लिए युवाओं की टीम को भी दायित्व दिया गया था, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि रविवार को अंतिम दिन दंडी स्वामी डॉ. इंदुभावनंद, राजेश्री महंत रामसुंदर दास, महापौर मीनल चौबे सहित समाज के वरिष्ठ कैलाश तिवारी, राजेंद्र शर्मा, शैलेश शर्मा, प्रमोद शर्मा बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। सभी बटुकों को और उनके परिजनों को चाय-नास्ता और भोजन के लिए सहयोग का दायित्व डॉ. शुक्ला, प्रवीण चौबे ने समाज के युवा बैजनाथ मिश्रा, शिवम त्रिपाठी ,अंकुश शुक्ला, संजय मिश्रा, राजेंद्र मिश्र के साथ निभाई। अमित द्विवेदी, विजयधर दीवान ने सभी को बेहतर सहयोग के लिए बधाई दी। इसी तरह महिला प्रकोष्ठ की कुसुम त्रिपाठी, शशि मिश्रा, सुषमा शुक्ला ने भी सहभागिता निभाई।

● विश्व चिंतन दिवस आज-गाइड्स की जागरूकता और उनके साहसिक प्रयास को याद करने का विशेष अवसर

# साहस-त्याग और समर्पण की भावना से गाइड्स जंबूरी में बिखेर रहीं सांस्कृतिक छटा, बढ़ रहा प्रदेश का मान

‘विश्व चिंतन दिवस हर साल 22 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से 150 देशों में गर्ल्स स्काउट्स और गर्ल्स गाइड्स को समर्पित होता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली गर्ल्स और शिक्षिकाओं की मदद से उनमें साहस, त्याग और समर्पण की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे गर्ल्स गाइड्स भी अलग-अलग शहरों और राज्यों में लगने वाली जंबूरी का हिस्सा बनने के साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए राज्य का मान भी बढ़ा रही हैं। गर्ल्स गाइड्स ने कई बातों को साझा किया।’

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्काउट्स एंड गाइड्स जंबूरी में छत्तीसगढ़ की गर्ल्स टीम (गाइड विंग) ने प्रतिभा और संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया। राज्य के विभिन्न जिलों की छात्राओं ने शारीरिक प्रदर्शन, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में ए-ग्रेड और बी-ग्रेड भी हासिल करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया, जो राज्य में महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। छत्तीसगढ़ की बेटियां दूसरे शहरों और राज्यों की जंबूरी में शिरकत करते हुए अपनी रोचक गतिविधियों और दृढ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए पर्वतारोहण ही नहीं कर रहीं, बल्कि घुड़सवारी, पैराशूट राइडिंग जैसे कई साहस से भरे काम भी कर रही हैं। शिक्षिका लीना वर्मा और सरिता पांडेय भी गाइड्स को साहस, त्याग और समर्पण की भावना से जोड़ने के साथ ही उनके चहुंमुखी विकास के लिए सांस्कृतिक कला-संस्कृति से जोड़ने का प्रयास जंबूरी के दौरान करती हैं।

## आत्मविश्वास के साथ विषम परिस्थियों का सामना

गाइड्स रीमा खंडेलवाल, कशिश गायकवाड़, मधु, चंद्रा, आरती पाल, नादिरा ने बताया कि जब से स्काउट्स एंड गाइड्स को ज्वाइन किया, तभी से खुद पर भरोसा और आत्मनिर्भरता की भावना जीवन का हिस्सा बन गई। हमको कहीं भी आते-जाते समय यह चिंता नहीं होती कि विषम परिस्थियों का सामना हम किस तरह से करेंगे। घर में रहते हुए ही नहीं, जब हम दूसरे शहरों और राज्यों में भी होते हैं, तब भी आत्मविश्वास के साथ त्याग और समर्पण की भावना से लोगों की मदद करने का भाव होता है। प्रवेश के दौरान गुरुजनों से नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, यूनिफार्म और उसके महत्व की जानकारी के साथ परेड, गार्ड ऑफ ऑनर से जुड़ी जानकारी मिली।





## जरूरी सामान की लिस्टिंग का अब हो गया अभ्यास

भूमिका, मनीषा देवांगन, शिल्पा, वीरांगना और टिकेश्वरी यादव ने बताया कि स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़ने के पहले हमें बहुत-सी बेसिक तैयारी का बोध नहीं था। अब जंबूरी का हिस्सा बनने के लिए टूर पर जाने से पहले की तैयारी में हम लोग संबंधित स्थान के मौसम को देखते हुए कपड़े, दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जरूरी दवाएं, लाठी, रस्सी, पानी बोतल, थाली, गिलास, प्लेट के साथ ही आधारकार्ड अनिवार्य रूप से रखते हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला सजाने के लिए जरूरी सामग्री को अलग से सहेजते हैं।






## प्रतियोगिताओं में भी बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


शिक्षिका लीना वर्मा और सरिता पांडेय ने बताया कि अभी तक दार्जिलिंग, पचमढ़ी, गोवा, दिल्ली, राजस्थान, लखनऊ, कर्नाटक के साथ हैदराबाद, नेपाल और मैसूर में भी राज्य के स्काउट्स एंड गाइड्स ने जंबूरी में भाग लिया है। जहां उन्होंने सांस्कृतिक और रचनात्मकता से प्रदेश का मान बढ़ाया है। लोकनृत्य, राज्य प्रदर्शनी और कलर पार्टी जैसी प्रतियोगिताओं में भी राज्य की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी उपलब्धियों के पीछे उनकी सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना भी देखने को मिलती है। गर्ल्स ने इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।




# एग्जाम में अपने शब्दों का इस्तेमाल करना जरूरी, लेकिन बोलचाल की भाषा के प्रयोग से कट सकते हैं अंक

**मनोवैज्ञानिकों ने कहा- अक्सर परीक्षा के बारे में अनिश्चितता से आता है स्टूडेंट्स में डर, इसलिए खुद पर विश्वास रखना जरूरी**

बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में अब स्टूडेंट्स पूरी तरह से अपनी पढ़ाई में व्यस्त हैं, लेकिन जिन स्टूडेंट्स की तैयारी पूरी नहीं हो पाई है, वे आगामी परीक्षा को लेकर चिंतित हैं। इस दौरान कई स्टूडेंट्स जानना चाहते हैं कि परीक्षा में किस तरह के सवाल पूछे जा सकते हैं और एग्जाम में कैसे लिखना चाहिए। हरिभूमि ने इस विषय पर शिक्षकों और मनोवैज्ञानिकों से बातचीत की।



**रायपुर।** विशेषज्ञों का कहना है कि कई स्टूडेंट्स तैयारी की कमी के कारण तनाव में हैं, लेकिन जिनकी तैयारी पूरी हो चुकी है, वे अब अपनी रणनीति पर ध्यान दे रहे हैं कि परीक्षा में किस प्रकार से जवाब देना चाहिए। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, स्टूडेंट्स का डर अक्सर परीक्षा के बारे में अनिश्चितता से आता है। इसलिए उन्हें खुद पर विश्वास रखना चाहिए और अधिक से अधिक अभ्यास करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि समय प्रबंधन और सही रणनीति के साथ ही बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस समय स्टूडेंट्स को शांत मन से पढ़ाई करनी चाहिए और परीक्षा से पहले आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए।

### पैरेंट्स रोज बच्चों से कहें, मैं तुम्हारे साथ हूं

परीक्षा के दौरान पैरेंट्स आउटडोर एक्टिविटी कम करें और अधिक से अधिक समय बच्चों को दें। समय पर खाने का ध्यान रखें और उन्हें हौसला दें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि सिर्फ एक लाइन बच्चों को पढ़ाई की नई उम्मीद दे सकती है, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है। तुम अपना 100 प्रतिशत दो, रिजल्ट जो भी आएगा, मैं तुम्हारे साथ हूं..,यह सामान्य-सी लाइन बच्चों की जिंदगी बदल सकती है।

### उत्तर लिखने के बाद टिक करें सवाल

शिक्षिका अंजली ठाकुर ने बताया कि परीक्षा सेंटर पर समय से पहले पहुंचें। शुरुआत के 10-15 मिनट प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें और जिन प्रश्नों का उत्तर पहले देना है, उन्हें टिक करें। सरल प्रश्नों को पहले हल करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और जो प्रश्न कठिन लगते हैं, वे भी आसान लगने लगते हैं। लेखन के दौरान सही उत्तर क्रमांक लिखें और हल करते समय 'अ' और 'ब' का जिक्र जरूर करें।



### बोलचाल की भाषा में लिखने से बचें

शिक्षिका के अनुसार, सभी विषयों में अपने शब्दों का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन बोलचाल की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। गणित, विज्ञान, समाजिक विज्ञान, भौतिकी, रसायन, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों में संबंधित विषय के शब्दों का चयन करें। इससे सटीक उत्तर मिलेगा और नंबर प्राप्त होंगे। पेपर लिखते वक्त क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी पर ध्यान दें।

## संकटमोचन हनुमान मंदिर में महाआरती-महाभंडारा



**रायपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर रेलवे स्टेशन स्थित सर्वधर्म संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्री हनुमानजी की महाआरती कर श्री साय के दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। तत्पश्चात प्रकोष्ठ के संयोजक सुभाष अग्रवाल की अगवाई में उपस्थित हजारों हनुमान भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। जानकारी देते हुए प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दिव्यांग युवक-युवती सामूहिक विवाह से पहले आज होगी चर्चा

**रायपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की संयुक्त बैठक रविवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी। आशीर्वाद भवन बैरनबाजार में यह बैठक रखी गई है। जहां मुख्य रूप से 1 मार्च को होने वाले दिव्यांग युवक-युवती सामूहिक विवाह के आयोजन पर चर्चा के अलावा अन्य सामाजिक सेवाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, महामंत्री संतोष तिवारी व कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से यह



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें सभी सेवाभावियों से महती उपस्थिति देकर सेवा के प्रकल्प में अपनी सहभागिता प्रदान करने को लेकर मंथन किया जाएगा।


### परिचय सम्मेलन से पहले तय होगी रूपरेखा

*वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन, एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा 15 मार्च को सुबह 10 बजे से श्रीदूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर संगठन के पदाधिकारियों की बैठक प्रोफेसर कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई। इस सम्मेलन में देशभर से पंजीयन आमंत्रित हैं। सर्व ब्राह्मण युवक-युवती, विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता, दिव्यांग सभी वर्ग से योग्य वर-वधु चयन के लिए विप्र परिवार के युवक-युवती का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन राशि तीन सौ रुपए तय की गई है। इसकी अंतिम तिथि 28 फरवरी है। इसके बाद पंजीयन कराने पर बायोडाटा का प्रकाशन संभव नहीं होगा।*

SHIVOM VIDYAPEETH
AFFILIATED TO C.B.S.E., Aff. No. : 3330243
NURTURE
CHALLENGE
EMPOWER
Young minds are allowed to Dream Today, Like never before

ADMISSION OPEN 2026-27
PLAYGROUP TO CLASS XII
Sankra Campus
CBSE BOARD
Behind Dhaan Mandi, Sankra, Amleshwar, Durg (C.G.)
CALL : +(91) 910 912 6500, 910 912 6449

AAROGYA HOSPITAL
आरोग्य हॉस्पिटल
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
NABH Accredited Hospital
PRE ACCREDITED
आधुनिक गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट, लैपेरोस्कोपी सर्जरी एवं आई.वी.एफ. सेन्टर

ऑर्थोपेडिक सर्जरी
लैपेरोस्कोपी सर्जरी
आई.वी.एफ. सेन्टर
लिवर पैंक्रियास सर्जरी
हॉलमियम लेज़र
उपलब्ध सुविधाएं :-
- लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी
- गॉल ब्लैडर की पथरी और अपेंडिक्स का उपचार
- निसंतान दंपति का आईवीएफ द्वारा इलाज
- लैप्रोस्कोपिक द्वारा बच्चेदानी और कैंसर का इलाज
- लेज़र और स्टैपलर द्वारा पाइल्स फिशर फ़िस्टूला
- ट्रामा हड्डी रोग न्यूरोसर्जरी
- गैस्ट्रो सर्जरी
- हॉल्मियम लेज़र द्वारा प्रोस्टेट और पथरी
- एंडोस्कोपी कोलोनोस्कोपी
- लिवर और पैंक्रियास का इलाज
- कैंसर सर्जरी
- नेत्र रोग
- मेडिसिन विभाग और आईसीयू में गंभीर मरीज़ो का इलाज
- नाक कान गला रोग

कार्डियोलॉजी विभाग
इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG)
इकोकार्डियोग्राफी (Echo / 2D)
ट्रेडमिल टेस्ट (TMT)
होल्टर मॉनिटरिंग- 24 H Holder & BP Monitory (ABPM)
Stress Echo
अतिशीघ्र कैथलैब चालू
HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मार्ग पर शंकर नगर रायपुर
फोन:- 0771-4044115, 4265115 98271-98000

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान से, मयंक के शानदार 81 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर फाइनल मैच (21 फरवरी से 24 फरवरी) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में राजस्थान अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन राजस्थान अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89 ओवरों में 7 विकेट खोकर 257 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उनके प्रांरभिक बल्लेबाज शोभित शर्मा 0 रन पर तथा आयुष पांडेय 21 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गये। मध्यमक्रम में मयंक वर्मा ने 81 रन तथा राहुल प्रधान ने 58 रन बनाकर पारी को संभाला। दोनों के मध्य चौथे विकेट के लिये 112 रनों की साझेदारी हुयी। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 29 नाबाद तथा हर्ष साहु ने 24 रनों का योगदान दिया। राजस्थान अंडर 23 टीम की ओर से गणेश सुथार तथा मोहित चंग्रा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 257 रन बना लिये है।

### सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए बीएसपी की टीम घोषित

**भिलाई।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र की ओर से "सेल"वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में "सेल" कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध विभिन्न इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की वॉलीबॉल टीम भी प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम की औपचारिक घोषणा वॉलीबॉल क्लब के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ विभाग) विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) राजेंद्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) अभिजीत भौमिक द्वारा की गई।

## एलिट ग्रुप क्रिकेट में मुकाबले जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप पहले राउंड के पहले दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने पहली पारी में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। सनी पांडे ने नॉट आउट 85 रन, अभिषेक सौगौरा ने 45 रन और इम्तियाज़ खान ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के मोहम्मद सोहेल, भारत गोंडवानी, सुमित रूहिकर, उत्कर्ष तिवारी एवं अमितेश पांडे ने एक-एक विकेट लिए।

- छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मैच भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और कांकेर में चल रहे

आरडीसीए रायपुर में टीम बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध सरगुजा टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 93 रन पर आउट हो गई। जिसमें आयुष सिंह ने 21 रन बनाएं। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के स्नेहिल चड्ढा ने 4 विकेट, अंकित कुमार, धनंजय नायक एवं आर्यन जायसवाल ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी मे आठ विकेट पर 293 रन बनाए। अनुराग मिश्रा ने नॉट आउट 104 रन और पवन परनाटे ने 87 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के आराध्य गुप्ता ने चार विकेट और अविनाश कुमार ने दो विकेट लिए।


दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में जांजगीर चांपा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड पहली पारी में 225 रन पर आउट हो गई। तुषार चंद्राकर ने 78 रन और शुभम अग्रवाल ने 46 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चाम्पा के लव्यम राजपूत ने 5 विकेट, शाबान खान एवं आदित्य यादव ने दो-दो विकेट लिए।

बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने पहली पारी तीन विकेट पर 32 रन बनाए। संजीव सिंह ने नॉट आउट 15 रन, गेंदबाजी प्लेट कंबाइंड सौरभ मजूमदार ने दो एवं शशांक तिवारी ने एक विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ने पहली पारी में तीन विकेट पर 270 रन बनाए। किव नूर सिंह छाबड़ा ने नॉट आउट 93 रन, अनुराग साहू ने 71 रन, ऋषि शर्मा ने 54 रन और अनुज तिवारी ने नॉट आउट 47 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के नमन ध्रुव ने दो एवं अमन मिश्रा ने एक विकेट लिए।

## अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी 14 को



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)–2026 का आयोजन 14 मार्च को सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी, सेक्टर–04 मैदान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र के कर्मचारियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम दो स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेगा। पुरुष प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर लंबी कूद, जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं वहीं महिला प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु यह अनिवार्य किया गया है कि प्रत्येक स्पर्धा में न्यूनतम चार प्रतिभागियों की उपस्थिति आवश्यक होगी, अन्यथा संबंधित स्पर्धा को निरस्त माना जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां अपने-अपने विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्यालय बोकारो हॉस्टल, सेक्टर–4 में कार्यालयीन समय पर दिनांक 13 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।













## खबर संक्षेप

### गिरौदपुरी मेले में फिर सेवा देंगे डॉ. मनहरे



**रायपुर।** गिरौदपुरी धाम में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में पिछले 5 वर्षों से निरंतर निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे समर्पित समाजसेवी चिकित्सक डॉ. राज मनहरे एक बार फिर इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तैयार हैं। डॉ. राज मनहरे इस वर्ष भी 22, 23 एवं 24 फरवरी को अपनी टीम के साथ मेले में उपस्थित रहेंगे। डॉ. मनहरे का कहना है कि सेवा ही सच्चा धर्म है।

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायकों को असम-बंगाल चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम और बंगाल में इस साल अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता दो-दो बार वहां का दौरा करके आ चुके हैं। फिर से तीसरे दौरे में जाने की तैयारी है। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। वे लगातार वहां का दौरा कर रहे हैं।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं को दूसरे राज्यों के विधानसभाओं की बड़ी जिम्मेदारी दे रहा है। अब तो भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन गए हैं। वे भली भांति प्रदेश के नेताओं की क्षमता जानते हैं। ऐसे में अब यहां के नेताओं को और ज्यादा जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

## अरुण साव, तोखन साहू, ओपी चौधरी, विजय बघेल को असम में बड़ा जिम्मा

### असम के दौरे पर प्रदेश के नेता

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का दो बार दौरा करके लौटे हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी दो बार वहां का दौरा करके वापस आ गए हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे भी दो बार दौरा कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी असम में एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी वहां का दौरा कर चुके हैं। पिछले दौरे में ये सारे नेता एक साथ गए थे और फिर वापस आए हैं। अब फिर से ये जल्द जाने वाले हैं।



### बंगाल में पवन, राजेश, शिवरतन को जिम्मा

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे वहां वहां का लगातार दौरा कर रहे हैं। वे तीन बार में 25 दिनों तक वहां रह कर लौटे हैं। फिर से वे वापस जाने वाले हैं। इसी के साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को भी वहां पर एक लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। इसके अलावा प्रदेश के नेता अवधेश चंदेल, मितुल कोठारी, मिथिका विश्वास को भी बंगाल में जिम्मेदारी दी गई है।

## पुलिस लाइन हेलीपैड परिसर में मनाया सीएम का जन्मदिन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड परिसर में सादगी एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर हेलीपैड परिसर में केदारनाथ गुप्ता, अशोक बजाज, देवजी भाई पटेल, ललित जैसिंघ, प्रीतेश गांधी सहित अनेक नेता उपस्थित रहे।

### लड्डुओं से तौलकर सीएम का किया सम्मान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर रायपुर हेलीपैड पहुंचे उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर विधायक श्री मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री का पारंपरिक रूप से लड्डुओं से तौलकर भव्य अभिनंदन किया गया।

भाजपा के सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ ने किए विविध कार्यक्रम

## सीएम साय का जन्मदिन सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिवस को सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस' के रूप भाजपा ने मनाया। भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और अनाथालयों में फल वितरण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किए गए। प्रत्येक जिले में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाए गए। सुशासन के संकल्प को दोहराने के लिए जिला स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन भी हुआ।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान किया। महतारी वंदन योजना के लाभार्थी, तेंदूपत्ता संग्राहकों प्रदेश के किसानों को सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के आह्वान पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा (रायपुर शहर) द्वारा प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर मुख्यमंत्री का जन्मोत्सव मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आह्वान पर महिला मोर्चा द्वारा विशेष कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरुकता के उद्देश्य से जीवनदायी पीपल एवं नीम के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति तथा मुख्यमंत्री श्री साय के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों में मंदिर प्रांगण में रखा गया, जिसमें महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहभागी हुईं।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल में फल वितरण किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी पौधारोपण, फल वितरण कर मुख्यमंत्री श्री साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## हिंदी के पर्चे से खिले परीक्षार्थियों के चेहरे केंद्रों में तिलक लगाकर किया स्वागत

### राज्यभर में 2510 परीक्षा केंद्र, 3.18 लाख से ज्यादा बच्चे शामिल हो रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल (दसवीं) की बोर्ड की पहली परीक्षा हिंदी के सरल पर्चे देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। दसवीं की परीक्षा के लिए राज्य में 2510 केंद्र बनाए गए हैं और इसमें 3.18 लाख से ज्यादा बच्चे शामिल हो रहे हैं। पहले दिन की परीक्षा में 5565 परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए। परीक्षा सुबह की पाली में 9 से दोपहर 12.15 तक आयोजित की जा रही है। पेपर का पहला दिन होने की वजह से बच्चे आज समय से पहले परीक्षा केंद्रों में पहुंचे। रोल नंबर के आधार पर अपना कक्ष देखने के बाद वे भीतर दाखिल हुए तो शिक्षकों ने जांच के बाद तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। पहले दिन हिंदी की परीक्षा और वह भी सरल होने की वजह से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। जारी टाइम टेबल के अनुसार, 10वीं की परीक्षा 13 मार्च तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और गोपनीयता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा के पहले दिन की गई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर गौरव सिंह ने दानी स्कूल परीक्षा केंद्र और शहीद संजय यादव शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, संजय नगर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सामने आने वाली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इसके दौरान परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### प्लीज, आईएमपी प्रश्न बता दीजिए...

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षा के हेल्पलाईन 2026 का संचालन मण्डल के अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देशन में किया जा रहा है। हेल्पलाईन में 21 फरवरी को राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथनिक चिकित्सा के विषय विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं प्रदान किया। विद्यार्थियों ने वैधुत रसायन से कैसे प्रश्न आयेगा, पेपर चेक करेंगे उनको सिलेबस के बारे में पता रहेगा न जैव अणु से किस प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगें, मैं लिखती हूं पर पूरा नम्बर नहीं मिलता। प्लीज मेडम आईएमपी प्रश्न बता दीजिए, 12वीं के एक छात्र ने पूछा मैं कुछ नहीं पढ़ा हूं, कैसे पढ़, कैसे तैयारी करू जैसे शंका, समाधान एवं समस्याओं का निराकरण मण्डल की हेल्पलाईन सेंटर में किया गया। 21 फरवरी तक कुल 660 फोन कॉल हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 18002334363 पर प्राप्त हुए। हेल्पलाईन का संचालन उपसचिव, डॉ० बी रघु के मार्गदर्शन में हेल्पलाईन के समन्वयक डॉ०प्रदीप कुमार साहू के समन्वय से किया गया।

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥


स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य!

NABH

नेशनल काउंसिल ऑफ वोकेशनल एंड रिसर्च ट्रेनिंग एवं
छ. ग. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त एवं संबद्धता...

Reg: No. NCVRT/CG/90002/VTC

भारत में तेजी से बढ़ते हेल्थकेयर सेक्टर में केरियर की असीम संभावनाएं



6 एकड़ का विस्तृत कैम्पस एवं सुविधायुक्त छात्रावास
प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु स्वयं का 200 बिस्तर का हॉस्पिटल
उच्च प्रशिक्षित शिक्षकों एवं डॉक्टरों के द्वारा प्रशिक्षण
प्रायोगिक कार्य हेतु आधुनिक टेक्नोलॉजी उपलब्ध
सर्व सुविधायुक्त मेस एवं कैंटीन
कोर्स के उपरांत 100% रोजगार हेतु कैम्पस प्लेसमेंट

TOP COURSES AFTER 10th & 12th

एन सी वी आर टी कोर्स उपलब्ध
- ब्लड बैंक टेक्नीशियन - 12वीं/स्नातक के बाद
- हैल्थ असिस्टेंस - 10वीं के बाद
- ईमजेंर्सी मेडिकल टेक्नीशियन - 12वीं/स्नातक के बाद
- आईसीयू टेक्नीशियन - 12वीं/स्नातक के बाद
- वृद्धावस्था देखभाल - 10वीं के बाद

पैरामेडिकल कोर्स उपलब्ध
- पैथोलॉजी टेक्नीशियन
- ओटी टेक्नीशियन
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- आर्थो एंड ड्रेसर टेक्नीशियन
- ई. सी. जी एंड आईसीसीयू टेक्नीशियन

वी वाय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस

07714622263, 9098882018

Google Location
कमल विहार, सैटर 12, न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) | फोन. : 0771-4622222, 7225024301, 7225024302
फैक्स : 0771-6622200 टोल फ्री : 1800-1234-775 वैबसाइट : www.vyhospital.in, मेल : info@vyhospital.in